गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

पत्रांक : 494 /4/पी०ए०–टी०/2019–20 दिनांक - 18-03-2020

एकल निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से सपठित उल्लेखित नियम व शर्तो के अन्तर्गत निम्न कार्यों की मुहरबन्द निविदाएं कार्य के सम्मुख अंकित दिनांक को आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण मुख्यालय मे स्थित विजया बैंक जी०डी०ए० परिसर, एवं प्राधिकरण वैबसाइट से पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्य के सम्मुख अंकित अवधि में किसी भी कार्य दिवस में क्रय किये जा सकेंगे। निविदाएं प्राधिकरण कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में निम्नानुसार निविदा आमंत्रण के दिनांक को अपरान्हः 2:00 बजे तक डाली जा सकती है। प्राप्त सभी निविदाएं उसी दिनांक को ही अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष (यदि उपस्थित हों) खोली जायेगी।

क्र० सं०	कार्य का नाम	आरक्षित राशि (रू० लाख में)	निविदा मूल्य (रू० में)	धरोहर राशि (रू० में)	कार्य की अवधि	जोन का नाम	निविदा विक्रय की अवधि	निविदा आमंत्रण/ खोले जाने की तिथि
1.	मधुबन–बापूधाम योजना के पॉकेट–डी में फुटपाथ, पार्क एवं सड़क की साइड पटरी की जंगल सफाई का कार्य।	4.81	1121.00	9700.00	45 दिन	03	23.03.2020 से 30.03.2020 तक	30.03.2020
2.	सहिबाबाद अण्डरपास के वर्षा जल निकासी हेतु स्थापित सम्पवैल का वार्षिक अनुरक्षण व संचालन का कार्य।	5.16	1534.00	10500.00	365 दिन	विद्युत टी. एच.ए.	23.03.2020 से 30.03.2020 तक	30.03.2020
3.	मधुबन–बापूधाम योजना में विभिन्न स्थानों में साईनेज बोर्ड लगाने का कार्य।	7.16	1534.00	14400.00	45 दिन	03	23.03.2020 से 30.03.2020 तक	30.03.2020
4.	मधुबन–बापूधाम योजना के पॉकेट–सी में फुटपाथ पार्क के चारों तरफ की सड़कों एवं सड़क की साइड पटरियों पर जंगल–सफाई का कार्य।	7.31	1534.00	14700.00	60 दिन	03	23.03.2020 से 30.03.2020 तक	30.03.2020
5.	मधुबन–बापूधाम योजना के पॉकेट बी की सड़क एवं नाली सफाई तथा कूड़ा निस्तारण का कार्य।	8.21	1534.00	16500.00	365 दिन	03	23.03.2020 से 30.03.2020 तक	30.03.2020

नियम व शर्तें :–

1– निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वैबसाइट www.gdaghaziabad.com पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। इस प्रकार डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का उपयोग कर निविदा डालने पर निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर (नॉन–रिफण्डेबल) जो कि उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में गाजियाबाद स्थित बैंक शाखा में भुगतान योग्य हो तथा धरोहर राशि की एफ०डी०आर० संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर तथा धरोहर राशि की एफ०डी०आर० निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न न होने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

2– निविदा विक्रय के अंतिम दिवस तथा निविदा आमंत्रण के दिनांक को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को विक्रय/खोली जायेगी।

3– डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र को स्पायरल बाइण्ड/हार्ड बाउइड करने के पश्चात् ही निविदा हेतु प्रयोग किया जायेगा।

4– वैबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये गये निविदा प्रपत्र और बैंक में बिक्री के लिए उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो, तो बैंक में उपलब्ध निविदा प्रपत्र ही मान्य होंगे।

5– निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध की औपचारिकतायें दस दिन के अन्दर पूर्ण करनी होगी।

6– धरोहर राशि की एफ०डी०आर० प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बैंक के कैश काउण्टर/कार्यालय से निविदा निर्गत की जायेगी। एफ०डी०आर० उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक होगी।

7– निविदादाता को किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी विभाग में समान प्रकृति के एक कार्य पूर्ण करने का अनुभव होना चाहिए, अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित करना होगा।

8– अनुबन्ध के दौरान ठेकेदार के किसी श्रमिक की कोई दुर्घटना आदि हो जाती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। प्राधिकरण का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

9– ठेकेदार को अनुरक्षण प्रकृति के कार्यों हेतु श्रमिक उपस्थित पंजिका का प्रतिमाह रख–रखाव करना होगा।

10– लेबर एक्ट का पूर्ण रूप से पालन करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।

11– ठेकेदार अपने श्रमिकों को पहचान पत्र देगा जो ठेकदार द्वारा सत्यापित होगा।

12– निविदा की दरें जी०एस०टी० रहित होंगी, जी०एस०टी० का भुगतान नियमानुसार अलग से किया जायेगा।

13– कम संख्या– 01 पर उल्लेखित कार्य विशिष्ट प्रकृति का है, जिसकी शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुरूप मान्य होंगी।

14– किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

मुख्य अभियन्ता

E-Tender Notice-20-12-2016

Scanned with CamScanner